आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मॉनसून सक्रिय बना हुआ है और वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के तीन जिलों कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जबकि लाहौल–स्पीति व किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अधिक बारिश की आशंका को देखते हुए बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो रही है, जिसके चलते प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम वैज्ञानिक

इस बीच भारी बारिश की आशंका के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि बीते 15 दिनों में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं में विस्थापित व् प्रभावित लोगों के लिए राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं और वे व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

इस बीच मंडी जिले व चंबा जिले में बादल फटने की सूचना है। ताजा जानकारी के अनुसार चंबा जिला के चुराह उपमंडल के तहत बघेईगढ़ नाले में बादल फटने से नकरोड़–चांजू मुख्य मार्ग पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया। ग्राम पंचायत चरड़ा, चांजू, देहरा, बघेईगढ़ सड़क मुख्य मार्ग से कट कई है।

वहीं दूसरी ओर मंडी पुलिस नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार उपमंडल पधर की टिक्कन पंचायत के सिलबधानी गांव में कल रात बादल फटने का समाचार है। एस.डी.एम. पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना में जानी नुकसान का कोई समाचार अभी नहीं है। हालांकि क्षेत्र में पुल और सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

राहत कार्य

आपदा प्रभावित मंडी जिले में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज आपदा प्रभावित परिवार के लिए राजभवन शिमला से राहत सामग्री वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। राज्य रैडक्रॉड सोसायटी के माध्यम से ये सामग्री भेजी जा रही है। जिला में अभी तक 1 हजार 7 सौ 38 राशन किट का वितरण किया जा चुका है। वहीं प्रशासन द्वारा सड़क मार्ग और पेयजल योजनाओं की बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री–श्यामाप्रसाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट् में उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश के सम्मान, मर्यादा और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्म–निर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान है।

## मुहर्रम

आज मुहर्रम है। हमेशा यह दिवस पैगम्बर मुहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन और उनके शागिर्दों की शहादत की याद में मनाया जाता है जिन्होंने सत्य और न्याय के लिए करबला में अपनी जान गंवा दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दी थी। मुहर्रम पर ताजिये निकाले जाते हैं और मजलिस का आयोजन होता है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौर जिला के पूह उपमंडल की रारंग ग्राम पंचायत में आयोजित पांच दिवसीय राज्यस्तरीय गुरू संझास मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों की प्राचीन संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।